>

Title: Need to convert rail lines from Bareilly to Kasganj via Badaun and from Etawah to Mainpuri into broadgauge in Uttar Pradesh.

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): वर्ष 1997-98 में बरेली से बदायूं होते हुए कासगंज तक रेल लाइन के आमान परिवर्तन की घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री के द्वारा की गई थी। हमारा जनपद बदायूं देश में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है, यहां पर बड़े और छोटे सरकार की ज्यारत करने प्रत्येक वर्ष देश और विदेश से लाखों लोग आते हैं। लेकिन रेल लाइन से इस जनपद को लगातार वंचित रखा गया है। कई बार लोक सभा में मैंने इस मुद्दे पर आवाज उठाई लेकिन किसी भी रेल मंत्री के द्वारा आज तक आमान परिवर्तन के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

इसी प्रकार इटावा-मैनपुरी लाइन का 1996 में तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा घोषणा की गई थी, जो अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है।

मेरा माननीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन है कि उक्त रेल परियोजनाओं को शीघ्र ही क्रियान्वित करने की दिशा में कार्यवाही करें।